हम जो आहार खाते है उसका प्रभाव हमारे शरीर पर पडता है। यह कहने की बात नही है यह सबको ज्ञात ही है । जैसा तला पदार्थ खाते है वैसी ही डकार आती है अपना ध्यान भी उसी पर जाता है । विचार करने की शक्ति शरीर कमजोर होने पर कम हो जाती है । उसी प्रकार हम अपने इन्द्रिय को जो आहार देते है उसका अंतकरण पर प्रभाव पडता है। उदाहरण स्वरुप आप का आहार देखना कुछ वस्तुए देखने योग्य नही होती है लेकिन देख लेने के बाद मन विचलित हो जाता है । देखने के बाद मन बार-बार वही जाता है। भगवान का दर्शन करने पर शांति मिलती है । उसी प्रकार कान का आहार ''शब्द'' होता है। कई शब्द हमें वैराग्य पैदा कर देते है। और कई शब्द वियोग में भी आसक्ति ला देते है। जिससे हम सत्संग से दूर हो जाते है । और कुछ शब्द सत्संग की प्रेरणा प्रदान करते है । पहले के समय में साधु-संत-गृहस्थ के घर भिक्षा माँगने जाते थे । एक गाँव में चार-पाँच संत भिक्षा मागने गये । उसमें ''एक साधु कम उम्र वाला एवम् सुंदर था । वह जिस घर में भिक्षा मांगने गया वहाँ पर घर में से बहनो ने भिक्षा दिया लेकिन आपस में बात करने लगी कि ये कितना कम आयुवाला रुपवान ये तो गृहस्थाश्रम के योग्य है लेकिन मुंडन कराके सन्यासी हो गये है ये शब्द उस साधु के कान तक पहुँचे उसके मन में उतार-चढाव का भाव पैदा हो गया। कई वर्षो को त्याग करके संसारी हो गया। कहने की बात यह है शब्द प्रभाव डालता है। उसी प्रकार त्वचा का स्पर्श प्रभाव, कैकेयी अधिक पवित्र और धार्मिक थी । प्रारम्भ में उसने मंथरा की बात नही मानी, लेकिन मंथरा जब स्त्री-चरित्र का आचारण करके रोने लगी तो प्रेम वश होकर मंथरा का स्पर्श किया, मंथरा के अंदर कलियुग प्रधानता थी जिससे स्पर्श से अन्तःकरण पर प्रभाव पडा । संक्षिप्त में कहे तो ''अपने अन्तःकरण रुपीधर में पाँच इंद्रियो का दरवाजा हमेशा ढिला नही रखना चाहिए । हम जब अपना दरवाजा सभी के लिये खोल देगे तो, कुत्ते, बिल्ली प्रवेश करेगे तो क्या होगा । हम प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में प्रवेश नही देते है। सोते समय सब कुछ देख लेते है । उसी प्रकार अपने अन्तःकरण को शुद्ध रखने के लिए पंच इंद्रिय दरवाजा होता है उसे भी बहुत ध्यान देना पडता है । कितना भी अच्छा सत्संगी क्यो ही न हो इंद्रिय आहार शुद्ध न होने पर सत्संग का फल नही प्राप्त करता है। स.गु. श्री गोपालानंद स्वामी के प्रवचन में आता है कि गोबर रोड के उपर भगवान की मूर्ति नही रखी जाती है अर्थात् अपने अंतःकरण में पंच विषय की गंधआती हो वहाँ भगवान नही रहते है। अपने घर में गंधआती हो तो आप भी नही रह सकते है जिसके अन्तःकरण में मलिनता हो वहाँ भगावन नही आते है। मकान बनाने के लिए जैसे नींव मजबूत चाहिए क्योकि मकान का आधार अच्छा न होने के कारण मकान शीघ्र ढह जाता है । उसी प्रकार अंतकरण की शुद्धि के लिए आहार शुद्ध होना चाहिए। आहार खराब होने के कारण सत्संग रुकता नही है । आहार शुद्ध तो अंतःकरण शुद्धि जिससे हम आन्तरिक कल्याण के योग्य बनते है । जैसे मकान का आधार कमजोर होने पर मकान गिर जाता है । उसी प्रकार आहार शुद्ध न होने के कारण बाहर से कुछ बदला नही

दिखाई देता है, लेकिन आध्यात्मिक मार्ग में अवरोधआता है। यह तब पता चलता है जब अपना मन शांत हो जाता है। अन्दर उद्वेग पैदा होता है शरीर कमजोर और दुर्बलता का अनुभव होता है। जब मन शांत हो तो विचार करना चाहिए कि इन्द्रियो को कौन सा भोजन मिल गया है। जिसका प्रभाव पड रहा है। ग.प्रथम पाठ १८ के वचनामृत में महाराजने विस्तृत बात की है कि ''पंच विषय को समझे बिना जो भोग करेगा। तत्व एव तत्वहीन का विचार किये वगैरे यदि वह नारद - शनकादि जैसे होने पर भी उसकी बुद्धि विचलित हो जायेगी। जिसे देह का अभिमान हो और उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाय तो उसमं क्या कहा जा सकता है। पंच इंद्रियो को अच्छे और खराब का विचार किये बगैर जो प्राप्त करेगा। उसका अन्तःकरण भ्रष्ट हो जायेगा। पंचइन्द्रियो के दारान्याय पूर्वक ग्राहय करने पर अंतःकरण शुद्ध होगा और इससे ईश्वर की अखंड स्मृति बनी रहेगी। इन पाँचो मे से एक भी अशुद्द है तो पूरा आहार मलिन हो जाता है। और अतःकरण भी दूषित हो जाता है। भगवान के भक्त को भगवान के भजन में यदि कोई अवरोधआता है तो उसके मुख्य कारण पंच इंद्रियो का विकार ही है उसमें अन्तःकरण दोषी नही है।

ये जो बात है उसे महाराज ने कितना महत्व दिया है कि महाराज रात्रि का भोर वाला प्रहर अर्थात् प्रातः ४ बजे हरिभक्तो को बुलाकर महाराज ने यह बात कही थी। ''एक बात कहता हुँ सुनिए श्रीजी महाराज बोले मेरे मन में तो ऐसा हो रहा है कि बात न बताउ लेकिन आप लोग हमारे है जान कर कह रहे है जो इन बातो को समझकर व्यवहार करता है वह मुक्त हो जाता है इसके अलावा तो चार वेद, छः शास्त्र एवम् अढारह पुराण भारतीय ईतिहास पढकर तथा उसका अर्थ समझकर सुनकर भी मुक्त नही हो सकते है। और ऐसा भी कहे है ''यह मेरा बचन है आप सभी अच्छे रुप से रहियेगा तो आप मानियेगा हमारी आप ने सेवा की है और सभी को आशीर्वाद देगे और आप से प्रसन्न होगे। और आप हमारा आदेश सफल करते है ये तो भगवान का तीर्थ है यहाँ पर हम सब मिलकर रहेगे यदि ऐसा नही कर पाये तो हानि होगी। भूत तथा ब्रह्मराक्षस आखिर परेशान करेगे और आप हैरान होगे। बताये अुसार जीवन यापन पश्चात् भगवान के धाम के भागी होगे।

इसलिए कोई भी बात अतःकरण में लेना नही चाहिए भक्ति को जो ताकत चाहिए वह अंतःकण की शुद्धि विना नही मिलती है। हमें इसी संसार में रहना है यहाँ बहुत कुछ होता है। सारा संसार भी भाग्यशाली नही है कि सभी को ऐसे महाप्रतापी ''नरनारायणदेव'' मिले। हमें इस संसार में रहना है तो क्या करना होगा ? न देखने योग्य दिखाई दे, न सुने वाला सुन ले उसे तुरंत भूल जाना चाहिए। सत्संग करके महाराजजीने तो इतना ज्ञान दिया ही है। सत्संग में आकर ध्यान देने पर विवेक बढता है। क्या करने से अपना क्या नुकशान होगा उसी याद रखना होगा। जैसे शरीर के लिए भोजन पर ध्यान देते है उसी प्रकार इन्द्रियो के आहार पर ध्यान देना चाहिए। कितने बडे विद्वान हो जाये यदि अन्तःकरण मलिन है तो एक माला फेरने से लाभ नही मिलेगा। मात्र दो माला ही करो भगवान के साथ एकाग्र होकर करे। यदि अंतःकरण शुद्ध होगे तो अधिक फल मिलेगा। इसका विशेष ध्यान रखना होगा कि परमकृपालु श्री नरनारयणदेव के चरणो में यही प्रार्थना आप सभी सत्संगी को वृद्धि प्रदान करे।

•

प्रेमेश्वर श्रीहरि

- सांख्ययोगी कोकिलाबा (सुरेन्द्रनगर)

प्रेम परमात्मा का स्वरुप होता है। जो ईश्वर को निष्काम भाव से प्रेम करता है वही सर्वोत्तम है। वही भगवान हृदयासम होता है। उसी का प्रेम प्रतिक्षण वृद्धि करता है। गंगा की धारा में किसी को रोका नहीं जा सकता है। देश काल इत्यादि अवरोधसे प्रेम कम नही होता है। ऐसे प्रेमी भक्त की इन्द्रियाँ और अंतःकरण की वृत्तियाँ सहजता से ईस्वर का अनुसरण करती है। जिसने सच्चा प्रेम किया उसे परमात्मा की प्राप्ति हुई है। मीरा बाईने प्रेम से पत्थर की मूर्ति से ईश्वर का दर्शन

किया । श्री गोपीनाथजी महाराज की मूर्ति में से भगवानश्री स्वामिनारायण को बुलवा दिया । प्रहलादजीने प्रेम भाव से स्तम्भ में से नृसिंहजी प्रगट हो गये । प्रेम-प्रेम सब कोई कहे प्रेम न जाने कोई ढाई अक्षर प्रेम का पढै सो पंडित होई । ऐसा प्रेममें जब प्रभु बंधते है तो तभी प्रभु भक्त के प्रेम में वधते है । स्वतंत्र परमात्मा भी परतंत्र है । क्योंकि प्रभु की भी भक्त के प्रेम में बाधना पडता है । ऐसे अनन्य प्रेम जब भगवान के साथ होता है तब जीव प्रभु को विना स्मरण किये एक क्षण भी नही रह सकता है । चंद्र को देखे विना एक पल भी चकोर पक्षी के लिए कठिन हो जाता है ।

ज्ञान की पराकाष्ठा अर्थात् ज्ञान । जीवन की पराकाष्ठा अर्थात् मृत्यु हास्य की पराकाष्ठा अर्थात् रुदन और प्रेम की पराकाष्ठा अर्थात ईश्वर । मनुष्य जो ज्ञात है जहाँ पर प्रेम आनंद होता है वहाँ पर परमात्मा का अस्तित्व होता है । प्रेम प्राप्त करने के लिए एक रुपया भी नहीं खर्च करना पडता है । विना पैसे का भी प्रेम लिता है । प्रेम जीवन के आंगन में आया अवसर है । प्रेम जीवन को सुगंधित करने वाला इत्र है । प्रेम आवास है । प्रेम सुवास है । प्रेम संसार है । प्रेम तारणहार है । प्रेम जीवन का नवलखा हार है । प्रेम जीवन में खिला पुष्प है । प्रेम मन को मस्ती में रखता है ।

प्रेम अर्थात् क्या ? ऐसा कोई पूछे तो उसे बताने का मन होता है कि प्रेम की परिभाषा नही, उसको किया जाता है । यदि आप को जीवन प्रेम मय बनाना हो तो जीवन के सभी विषादो को भूल जाये । इसके बिना आनंद मय जीवन नही हो सकता है । अन्ततः प्रेम अर्थात् क्या, हृदय की एक भूमिका, हृदय में उठने वाले भाव तरंग, प्रेम अर्थात् परमात्मा और में एकाकार की अवस्था भी है । प्रभु मिलन तो दूर है लेकिन परमात्मा को प्राप्त करने का एक्सप्रेस वे अर्थात् प्रेम है ।

भगवान श्रीकृष्ण जी कोहमेशा अर्जुन से मिल ने की आदत थी । ये देखकर रुक्मणि जीको खराब लगता था और बार-बार कहती थी ''मैं आप की सेवा में सदैव तत्पर रहती हूँ इसके बाद भी आप अर्जुन के पास हमेशा जाते है ।'' अर्जुन में ऐसा क्या है ? ऐसा बार-बार रुक्मणिजी को याद रहता था । एक दिन भगवान श्रीकृष्ण हमेशा की तरह कृष्ण के पास जाने की तैयारी कर रहे थे । उस दिन यादवो के लिये उनकी उपस्थिति आवश्यक थी इस लिये रुकने का आग्रह किये । इस कारण रुक्मणी तथा अन्य पटरानियों ने भी रुकने का आग्रह किये । रानी ने भी उस दिन कुछ उत्सव रखा था । इसके बावजूद नियमानुसार श्रीकृष्ण अर्जुन के पास गये ही लेकिन हठाग्रह के कारण रुक्मणिजी को भी साथ ले गये । दोनो अर्जुन के पास गये । अर्जुन थककर आ? थे स्नान करके चटाई पर लेटे थे । और द्रौपदी उनके भीगे बालो को सूखा रही थी । अर्जुन थककर नींद में आ गये थे । भगवान कृष्ण को देखकर द्रौपदी उनके लिए आसन हेतु अन्दर चली गयी । इतने में भगवान अर्जुन के पास बैठकर केश सूखा करने लगे । श्रीकृष्णजी रुक्मणि को इशारे से कहे केश सूख गये है कि नही इसकी निश्चितता के लिए बाल तो गाल पर लगाकर देखे । यह देखकर रुक्मणीजी का क्रोधबढने लगा लेकिन भगवान के आदेशाधीन होकर केश को लगाते ही अर्जुन के प्रत्येक केश से कृष्ण-कृष्ण नाद सतत रुक्मणीजीने सुना । इस लिए कृष्ण पर इतना प्रेम है उनका भ्रम दूर हो गया । अर्जुन के परमात्मा के प्रति प्रेम देखकर समझ गई । अर्जुन का प्रेम भगावन के प्रति अगाधथा । इस कारण से भगवान इनके सखा बने । और अर्जुन के प्रेम की पराकाष्ठा थी जो भगवान उनके सारथी बने थे ।

पशु खुटे से बांधी जाता है । पक्षी धोसले से जुडता है । मनुष्य वासना से बंधता है । और भगवान भक्त के प्रेम से बंधते है । परमात्मा हमेशा प्रेम के पास होते है । लेकिन शर्त ये हे कि प्रेम निष्काम होना चाहिए । जिसमें कोई अपेक्षा, आकांक्षा न हो । इसलिए सुखी होना हो तो निष्काम प्रेमी भक्त बने । ऐसे ही प्रेमी भक्त से सर्वावतारी भगवान श्री स्वामिनारायण अनेक प्रकार से प्रेम करते है । उनके मनोरथ को पूर्ण करते है ।

एकबार भगवान श्रीहरि बैलगाडी में बैठकर जा रहे थे । बगल में मुक्तराज पर्वतभाई और उनका छोटा

पुत्र मेघ चलते आ रहे थे । मेघ चलते-चलते रुक गया इसलिए चलती बैलगाडी में चढ़ने का प्रयास किया । इसी समय श्रीजी महाराज उसे परेशान करने के लिए गाडी पर रखे पैर को नीचे धकेल दिया । एकबार फिर गाडी पर पैर रखा । फिर से महाराजजीने हटा दिया इस प्रकार तीन-चार बार भगवान ने किया अन्ततः मेघ गुस्से में आखर दौडकर गाडी चढकर श्रीजी महाराज के चरण के अँगूठे में काट लिया । श्रीजी महाराज मेघ की बाल सुलभ चेष्ठा को देखकर खुब खुश हुए तथा उसे अपने पास बैठाये इस प्रकार श्रीजीमहाराज अपने भक्तो से प्रेम करते थे । कभी माता बनकर, कभी पिता बनकर, कभी सखा बनकर कभी पुत्र बनकर भी श्रीहरि भक्तो को प्रेम करते थे । गढपुर में स.गु. श्री ब्रह्मानंद स्वामी की 'माता' श्रीजी महाराज ही बने थे । स्वामी जब साधु बनने आये तब उनेक माता-पिता लेने आये थे । उस समय उनकी माता लालूबा देवी जीवुबा और लाडुबा के पास पुत्र मोह मे खूब रोयी । लगता था अभी देहत्याग देगी ऐसी दशा उनकी हो गई थी । जीवुबा और लाडुबा ने श्रीजी महराज से कहा कि ! महाराज पुत्र वियोग में लालूबा का देह छूट जायेगा तो ब्रह्ममुनि ''माँ'' बगेर हो जायेगा । तो उन्हे प्रेम कौन करेगा यब बात श्रीजी को ज्ञात हुई तब ब्रह्मानंद बगल में बैठे थे । महाराज प्रेम से ब्रह्मानंद स्वामी में सिर पर हाथ घुमाये और कहा ''इस ब्रह्मानंद स्वामी की ''माँ'' मैं स्वयं हूँ इसलिए लालूबा देवी से कहना जराभी चिंता न करे । उन्हे हर प्रकार का प्रेम मिलेगा । आप निश्चित होकर घर जाये और भजन करे । मात्र ''माँ'' ही नहीं, आज से हम पिता भी है उसके मालिक भी हमी है । भगवान श्रीहरि मात्र भक्तिमाता को ही पुत्र सुख दिये ऐसा नही है । जेतलपुर में गंगाबा, डागंरवा की जतनबुआ इत्यादि अनेक प्रेमी भक्तो को श्रीजी महाराज पुत्र भाव से प्रेम करते थे ।

पर्वतभाई का श्रीजी महाराज के प्रति अटूत प्रेम था । मांगरोल के गोवर्धनभाई श्रीजी महाराज के प्रति निकटता का भाव था । व्यापार करते थे लेकिन हृदय में बराबर श्री स्वामिनारायण भगवान में निष्ठा-विश्वास और प्रेम था । कोई आता दुकान से वस्तु ले जाता और सेठ से कहता पैसा उधार खातो में लिखा ले, गोरघन से सेठ अच्छा कर देते है चोपडे पर लिखते अवश्य थे लेकिन ले जाने वाले नाम के पीछे ''हस्ते स्वामिनारायण'' लिखकर निश्चिंत हो जाते ते । महाराज के मूर्ति के सामने अखंड स्मृति रख देते थे । इस प्रकार गढडा में दादा के दरबार में उपस्थित श्रीजी महाराज को किसी ने कहा कि गोरधन सेठ तो पागल हो गया है वह अपनी सारी सम्पत्ति लुटा रहा है । उसे समझाइए, महाराज बोले क्या हुआ ? ये व्यापार करता है सबको उधार देते है तत्पश्चात खाता - बही में ग्राहक का नाम लिखकर अन्त में स्वामिनारायण लिख देते है । भगवान श्रीहरि बोले, गोरधन सेठ गवाही में हमको रखता है । इस लिए उसका बकाया का एकत्रीकरण हमको ही करनी होगी । सम्प्रदाय का इतिहिास गवाह है कि गोरधन सेठ के आना पैसे का बकाया भी बेकार नही गया । क्योकि अखिल ब्रह्माड में पहले प्रेमी ईश्वर है । इस प्रकार प्रेमेश्वर श्रीहरि की निकटता भक्तो के साथ है ।

अक्षरवास

सापावाडा (ईडर देश) श्री स्वामिनारायण मंदिर के वयोवृद्ध संत स.गु. स्वामी चैतन्यप्रसाददासजी गुरु स.गु. महंत स्वामी माधवप्रसाददासजी ता. २२-२-२०१८ को श्रीहरि का अखंड स्मरण करते हुए अक्षरनिवासी हुए है ।

श्री स्वामिनारायण मासिक में प्रसिद्ध करने के लिये लेख, समाचार एवं फोटोग्राफ्स ई-मेईल से भेजने के लिए नया एड्रेस

shreeswaminarayan9@gmail.com

सत्संग समाचार

अहमदाबाद मंदिर परमकृपालु श्री नरनारायणदेव का १९६ वाँ उत्सव मनाया

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभादेश से तथा प.पू. बड़े महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के आशीर्वाद से तथा कालुपुर मंदिर के पू. महंत स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी की प्रेरणा मार्गदर्शन से अ.नि. प.भ. कालीदासभाई लल्लूभाई पटेल, अ.नि. हिराबेन कालीदासभाई पटेल (गुलाबपुरा वर्तमान अहमदाबाद) परिवार के प.भ. घनश्यामभाई कालीदासभाई पटेल, ध.प. सविताबेन घनश्यामभाई पटेल, चि. हरिकृष्णभाई और चि. अंबरीषभाई पटेल के यजमान पद पर श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में सर्वावतारी श्री स्वामिनारायण भगवान को ध्यान में रखकर सज्जित स्वरुप परमकृपालु श्री नरनारायणदेव का १९६ वाँ उत्सव फाल्गुन सुद-३ को भव्य रुप से मनाया गया।

फाल्गुन सुद-३ तारीख १८-२-२०१८ रविवार प्रातः ७ बजे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराजश्री और प.पू. लालजी महाराजश्री के पवित्र हाथो से भरत खंड के राजाधिराज परमकृपालु श्री नरनारायणदेव आदि देवो का षोडशोपचार महाभिषेक वेदोक्त विधिसे जोशपूर्वक सम्पन्न किया गया।

उत्सव के अवसर मे श्री वासुदेव महात्मय, तीन दिन की कथा सम्प्रदाय के मूर्धन्य विद्वान कथाकार पू. संत स.गु. शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी वक्ता पद पर और अ.नि. राधाबाई मनजी गोरसिया, पिताश्री नानजी विश्राम गोरसिया लडके गोपाल नानजी गोरसिया, रवजी नानजी गोरसिया (सुखपर-कच्छ) परिवार के यजमान पद पर सुंदर रुप से सम्पन्न हुआ।

आज के अलौकिक दिन पर समस्त धर्मकुल के संकल्प से निराधार मा-पिता परिवार विहीन अनाथ बच्चो के लिए अपने ही कालुपुर मंदिर के अक्षर भुवन के सामने परिसर में ''आँगन'' के प.पू.अ.सौ. गादिवालाश्री और प.पू.श्री राजा के पवित्र हाथो द्वारा भूमिपूजन मुहूर्त विधीवत रुप से सम्पन्न हुआ।

प्रासंगिक सभा में पाटोत्सव और कथा के यजमान श्री प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराजश्री, पू.. लालजी महाराजश्री का पूजन अर्चन तथा आरती लेकर आशीर्वाद प्रदान किये। पू. महंत स्वामी प्रासंगिक उद्‌बोधन करके सभीका आभार व्यक्त किये। सभा में नरनारायणदेव के पूजारी स.गु. ब्र. स्वामी मुकुंदानंदजी द्वारा गाये गये नंद संतो द्वारा रचित कीर्तन सरिता सीडी का समस्त धर्मकुल के पवित्र हाथों द्वारा विमोचन किया गया।

अंत में प.पू. बड़े महाराजश्री आशीर्वाद भेजकर श्री स्वामिनारायण म्यूजियम में आये थे । इसेक पश्चात प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री आशीर्वाद भेजे स्वयं ''आँगन'' में स्वेच्छा से सेवा देने वाले नाम बोलकर धन्यवाद दिये और सबका उत्साह बढ़े ऐसी हँसी भी कर रहे थे। सभा का संचालन स.गु. शा. स्वामी रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) ने सुंदर रुप से किया। उत्सव के अगले दिन अर्थात् फाल्गुन सुद-२ के यजमान परिवार का सभी भक्तोने श्रीहरि यज्ञ-महापूजा में बैठकर लाभ लिये । श्री नरनारायणदेव के पाटोत्सव का दर्शन करके हजारो हरिभक्त धन्यधन्य हुआ। पूरे उत्सव में पू. हरिचरण स्वामी (कलोल), भंडारी जे.पी. स्वामी, कोठारी जे.के. स्वामी, योगी स्वामी, भक्ति स्वामी, नटु स्वामी आदि संत मंडल और श्री नरनारायणदेव युवक मंडल और भाई-बहनो हरिभक्तो की सेवा प्रेरणारुप ती।

(कोठारी शा. स्वा. नारायणमुनिदास)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में श्री नरनारायणदेव फूलोत्सव जयंती

सर्वावतारी श्रीहरि अपने सम्प्रदाय में ऐस्ये उत्सवो की परम्परा चालू रखे है कि जब तक ब्रह्मांड है अविरत चलता रहें.

फाल्गुन वद-२ तारीख ०३-०३-२०१८ शनिवार को भरत भाग के राजाधिराज श्री नरनारायणदेव जयंती फुलोत्सव श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर प्रसादी चौक में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री और प.पू. लालजी महाराजश्री के पवित्र करकमलो द्वारा भव्यता से मनाया गया।

हजारो हरिभक्त फूलोत्सव का दर्शन करके धन्य हुए। इस अवसर के यजमान पू. महंत स.गु. शा. स्वामी

हरिकृष्णदासजी की प्रेरणा से मुंबई के अ.नि. प.भ. अनंतराय धोलकिया, गं.स्व. रंजनबेन धोलकिया और उनके चि. सुपुत्रो में डॉ. हिमांशुभाई, श्री ज्ञानेशभाई, श्री प्रशांतभाई और श्री अपूर्वभाई और उनकी बहन हर्षाबेन यजमान बनकर लाभ प्राप्त किये । सम्पूर्ण उत्सव में भंडारी जे.पी. स्वामी, कोठारी जे.के. स्वामी, योगी स्वामी, नटु स्वामी, भक्ति स्वामी इत्यादि संत पार्षद सुंदर सेवा प्रदान किये थे । (को. शा. नारायणमुनि स्वामी)

कालुपुर मंदिर में श्री नरनारायणदेव को रत्न जडति स्वर्ण मुकुट अर्पण समारोह

सर्वोपरि ईष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवान की कृपा से तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से तथा समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से उसी प्रकार पू. स.गु. महंत शा. स्वामी हरिकृष्णदासजी की प्रेरणा से अ.नि. पारेख जशवंतलाल वि., अ.नि. जयाबेन जशंवतलाल पारेख परिवार के श्री चंद्रेशभाई पारेख अ.सौ. भावना चंद्रेश पारेख, चि. विवेक सी. पारेख, प्रियंक विवेक पारेख, मानसी चन्द्रेश पारेख, स्मिता महेन्द्रभाई पारेख, ममता भद्रेशभाई पारेख, फाल्गुनी निलेशभाई पारेख के परिवार तरफ से परमकृपालु श्री नरनारायणदेव को रत्न जड़ित स्वर्ण मुकुट, वस्त्र, छप्पन भोजन आदि ३-३-२०१८ शनिवार के दिन अर्पण विधिकार्यक्रम कालुपुर मंदिर प्रसादी सभा मंडप में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभ सानिध्य में पूर्ण हुआ । इस अवसर पर तीर्थ स्थानो से आये संत उपस्थित थे । पूज्य महंत स्वामी ने यजमान परिवार की सेवा की प्रशंसा किये । तत्पश्चात प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने यजमान परिवार की सेवा की बडाई करते हुए आशीर्वाद प्रदान किये थे । पू. महंत स्वामी के सभी संत मंडलने तत्परता से सेवा प्रदान किये थे । (को. शा. नारायणमुनि स्वामी)

श्री स्वामिनारायण मंदिर जामफलवाडी (रामोल पंचाब्दी महोत्सव पारायण)

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा गांधीनगर-नारायणघाट मंदिर के पू. महंत शा. स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी की प्रेरणा मार्गदर्शन से श्री स्वामिनारायण मंदिर जामफलवाडी (रामोल) पंचाब्दी महोत्सव के अर्न्तगत श्रीम्द भागवत दशवा स्कन्द रात्रीय पारायण स.गु. शा. स्वामी चैतन्यस्वरुपदासजी (गांधीनगर) वक्ता पद से ता. २५-१-२०१८ से ता. ३०-१-२०१८ के बीच पूर्ण हुई ।

इस प्रसंग के उपलक्ष्य में भव्य पोथीयात्रा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, सत्संग डायरा, महापूजा, ठाकोरजीका अभिषेक, अन्नकूट दर्शन, धर्मकुल दर्शन और संतो की वाणी धामधूम पूर्वक पूर्ण हुई . इस अवसर पर अनेक ज्ञात अज्ञात हरिभक्तोने तन, मन और धन से सेवा किया । तीर्थ स्थानो से अनेक संत पधारे थे ।

ता. ३०-१-१८ के दिन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के पवित्र हाथो से ठाकोरजी का अभिषेक अन्नकूट आरती विधिपूर्वक की गई । तत्पश्चात सभी संतोने हरिभक्तोने आशीर्वाद देकर खूब खुश हुआ । उत्सव के बीच में व्याख्यान माला में स.गु. शा. स्वामी रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) ने स्कंद के भापूर्वण शैली में श्रीहरि को सर्वोपरि समझाये है । सभा संचालन की सुंदर सेवा स.गु. कोठारी शा. स्वामी नारायणमुनिदासजी (कालुपुर) और नारायणघाट स.गु. महंत शा. स्वामी दिव्यप्रकाशदासजी किये थे । हजारो मुमुक्षु को देव दर्शन, कथा श्रवण, धर्मकुल दर्शन करके महाप्रसाद ग्रहण किये तथा बड़े भाग्यशाली बने ।

(कोठारी, जामफलवाडी मंदिर)

श्री स्वामिनारायण मंदिर धरमपुर (भूंडिया) मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से धरमपुर (भूंडिया) गा ाँव के नवीन भव्य श्री स्वामिनारायण मंदिर का निर्माण पू. स.गु. महंत शा. स्वामी पी.पी. स्वामी (गांधीनगर-नारायणघाट) और स्वा. हरिप्रकाशदासजी गुरु अ.नि. स.गु. स्वा. नारायणमुनिदासजी तथा गाँव के हरिभक्तो के साथ सहकार से किया है । मंदिर पूर्ण होते ही ता. ७-२-१८ से ९-२-१८ तक मूर्ति प्रतिष्ठा का सुंदर आयोजन पूर्ण हुआ । इस उत्सव के उपलक्ष में ता. ७-२-१८ से ९-२-१८ तक श्रीमद् भागवत त्रिदिवसीय कथा स.गु. शा.स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजी (गांधीनगर) वक्तापद से पूर्ण हुआ । अपने कालुपुर स्वामिनारायण मंदिर के तरफ से भी प.पू. महाराजश्री की आज्ञा से आर्थीक सहयोग किया गया । छोटे-बड़े गाँव के सभी भक्तो ने तन, मन और धन से सेवा किये । ता. ९-२-१८ के दिन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभ हाथो द्वारा मंदिर में वेदोक्त विधिसे ठाकोरजी की प्रतिष्ठा की गयी । प.पू. महाराजश्री सबा को आशीर्वाद प्रदान किये ।

बहनो को दर्शन आशीर्वाद देने के लिए प.पू.अ.सौ.

गादीवालाश्री आये हुए थे । तीर्थ स्थानोसे संत-महात्मा आये थे । कालुपुर मंदिर के पू. महंत स.गु.शा. स्वामी हरिकृष्णदासजी के शुभ हाथो द्वारा दाताओ का सुंदर सम्मान किया गया । सम्पूर्ण गाँव अलौकिक लाभ लेकर जीवन कृतार्थ किया। (कोठारीश्री, धरमपुर भुंडिया)

प्रसादीभूत श्री स्वामिनारायण मंदिर मोटेरा का २८ वाँ वार्षिकोत्सव उत्सव

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से पू. स.गु. महंत शा. पी.पी. स्वामी (गांधीनगर-नारायणघाट) की प्रेरणा मार्गदर्शन से श्रीहरि प्रसादीभूत श्री स्वामिनारायण मंदिर मोटेरा का २८ वाँ वार्षिक उत्सव ता. २०-२-१८ के दिन विधिवत मनाया गया । प.भ. हर्षदभाई डाह्याभाई पटेल परिवार यजमान होकर दीर्ध लाभ लिये । उत्सव के दिन सुबह ध्वजा की नगरयात्रा, ध्वजा पूजन, ठाकोरजीका अभिषेक, संतो की प्रेरक अमृतवाणी आदि कार्यक्रम हुए । श्री नरनारायणदेव युवक-महिला मंडल ने प्रेरणा दायक सेवा दिये । गाँव के सभी हरिभक्तोने लाभ उठाया । पूरे सभा का संचालन स.गु. शा. स्वा. चैतन्यस्वरुपदासजीने किया। (कोठारीश्री - मोटेरा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर मेहसाना ९ वाँ पाटोत्सव

परब्रह्म परमात्मा ईष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवान की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा स.गु.पू. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. पू. शा. पी.पी. स्वामी (जेतलपुर) की प्रेरणा से तथा मेहसाना मदिर के महंत स.गु. शा. स्वामी उत्तमप्रियदासजी तता स.गु. स्वामी नारायणप्रसाददासजी के सुंदर आयोजन से श्री स्वामिनारायण मंदिर मेहसाना का ८ वाँ पाटोत्सव २-२-१८ के दिन विधीवत पूर्ण हुआ ।

उत्सव के उपलक्ष्य में अखंड धून सत्संग सभा, विष्णु यज्ञ आदि धूमधाम से पूर्ण हुआ ।

सुबह ठाकोरजी का सोलह ऋंगार पूजन महाभिषेक विधिवत पूर्ण हुआ । इसके बाद छप्पन भोग अन्नकूट और सत्संग सभी पूर्ण हुई । जिस में संतो द्वारा यजमानश्री प.भ. अश्विनभाई याज्ञिक (सी.ए.) परिवार का सन्मान किया गया । यजमानो द्वारा संतो की पूजा की गई ।

प्रासंगिक सभा में पू. पी.पी. स्वामी तथा तीर्थस्थानो से आये संतो ने आशीर्वाद दिया । जिस में जेतलपुर, कलोल, कालुपुर, अंजली, लालोडा, मूली, सायला, बिलिया, नारणपुरा आदि धामो से संत आये थे ।

अंत में महाविष्णुयज्ञ की पूर्णाहुति पश्चात सभी भक्तोने प्रसाद ग्रहण करके धन्य हुए ।

(हितेन्द्रसिंह राओल - मेहसाना)

श्री स्वामिनारायण मंदिर भाउपुरा दशाब्दी समारोह

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा स.गु.पू. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. पू. शा. पी.पी. स्वामी के मार्गदर्शन प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंदिर भाउपुरा का दशाब्दी महोत्सव ता. २-२-१८ से ता. ४-२-१८ को विधिवत पूर्ण हुआ .

इस प्रसंग के उपलक्ष्य में ता. २-२-१८ से ४-२-१८ पर्यन्त श्री घनश्याम लीलामृत ग्रंथ की तीन दिन की कथा शा. स्वामी भक्तिनंदासजीने वक्ता पद से समस्त ग्रामवासीओ को कथा का अलौकिक श्रवण एवम् पान कराया था । कथा से पूर्व पहले दिन पोथीयात्रा निकली थी . इसके पश्चात मंगलदीप का प्रज्जवलन मूली मंदिर के ट्रस्टी श्री शा. स्वा. नारायणप्रसाददासजी, स्वामी प्रेमस्वरुपदासजी, राम स्वामी, हरिद्वार के सन्यासी विजयानंद सरस्वतीजी आदिने किया था । शा.स्वा. नारायणस्वरुपदासजी के मंगल प्रवचन के बाद कथा शुरु हुई । कथा में श्री घनश्याम जन्मोत्सव धूमधाम से हुआ । दूसरे दिन ठाकोरजी की नगरयात्रा श्री नरनारायणदेव युवक मंडल के सुंदर आयोजन गाँव की परिक्रमा करके वापस मंदिर आये ।

इस अवसर त्रिदिवसीय महाविष्णु यज्ञ का आयोजन हुआ । बहनो को आशीर्वाद देने के लिए प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री भी आये थे ।

दिनांक ४-२-१८ के दिन सुबह ठाकुरजी का अभिषेक, पूजन आरती प.पू. लालजी महाराजश्री के पवित्र हाथो द्वारा पूर्ण हुआ । धर्मकुल के यमजानो द्वारा धर्मकुल पूजन और संतो की पूजा की गयी । श्री नरनारायणदेव युवक मंडल प.पू. लालजी महाराजश्री के साथ ग्रुप फोटोग्राफी करके जीवन में धन्यता का अनुभव किये ।

पूरे सभा को प.पू. लालजी महारजश्रीने आशीर्वाद दिये । प.पू. शा. पी.पी. स्वामीने भी आशीर्वाद दिया । अनेक धामो से आये संतो में से जेतलपुर, अंजली, मकनसर, कलोल, मेहसाना और जमीयतपुरा से आये थे । पूरे उत्सव का संचालन महंत स्वामी विश्वप्रकाशदासजी (अंजली)

और् शा. स्वा. हरिप्रकाधसाजी (मकनसर) ने किया था । संहिता पाठ में शा. उत्तमप्रिय स्वामी मेहसाना पधारे थे । पूरे उत्सव का मार्गदर्शन व्यवहार कुशल जेतलपुर मंदिर के महंत के.पी. स्वामी का था । युवक मंडल की सेवा प्रेरक रही थी । हजारो भक्तोने प्रसाद ग्रहण करके धन्यता का अनुभव किये । (कोठारीश्री - भाउपुरा)

श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली ११ वाँ वार्षिकोत्सव

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा स.गु.पू. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. पू. शा. पी.पी. स्वामी के मार्गदर्शन प्रेरणा से श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजलि का ११ वाँ उत्सव ता. २६-१-१८ से ३०-१-१८ तक महंत वी.पी. स्वामी के सुंदर आयोजन से धाम-धूम पूर्वक मनाया गया ।

२६ जनवरी के यजमान अ.नि. जयंतिभाई पटेल (चलोडा) परिवार के पुत्र राजुभाई, हितेशभाई, चिकेशभाई और अरविंदबाई के घर से पोथीयात्रा धुन, भजन, कीर्तन करते अंजलि मंदिर तक आये थे ।

कथा की शुरुआत जेतलपुर धाम के पू. महंत स.गु. शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा मूली मंदिर के ट्रस्टी स.गु. शा.स्वा. नारायणप्रसाददासजी द्वारा दीप प्रज्जवलन और् मंगल उद्बोधन किया गया । ता. ३०-१-१८ माघ सुद-१४ को ठाकुरजी का षोडशोपचार पूजन अर्चन में यजमान परिवार बैठे थे । तत्पश्चात प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीके शुभ हाथो द्वारा ठाकुरजी का महाभिषेक वेदोक्त रुप से पूर्ण हुआ । बाद में महापूजा पूर्ण हुई । उसके बाद कथा शुरु हुआ । प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री संत पार्षद मंडल के साथ सभा में बेठे थे । बहनो की सभा में प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुप गादीवालाश्री का आगमन होने से बहनो का अधिक उत्साह वर्धन हुआ ।

प्रासंगिक सभा में प.पू. महाराजश्री का पूजन अर्चन आरती यजमान परिवार द्वारा पूर्ण हुआ । साथ ही यजमानो का सन्मान प.पू. महाराजश्रीने किया था । संतो का भी पूजन हुआ । आगामी खरमास के निमित और मंदिर के १२ वे और १३ वे पाटोत्सव यजमानो को माला हार पहनाकर सम्मान किया गया । कथा के अन्तर्गत प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुप बड़े गादीवालेश्री भी कता में पधारे थे। यजमानो द्वारा ठाकुरजी के ब्रस्त्र को सुंदर सजाकर श्रीहरिके रुप में अर्पण किये थे । प.पू. महाराजश्रीने कथा पूर्ण होने की आरती किये तथा सभा में आशीर्वाद प्रदान किये ।

इस अवसर पर धामो से बड़ी संख्या में संत आये थे । युवक मंडल, महिला मंडल, तथा कर्मचारियो की सेवा प्रेरक रुप में मिली । माघ सुद-१५ चंद्रग्रहण के कारण मंदिर में हरिभक्तो भाईयो और बहनो ने भजन-कीर्तन, वचनामृत आदि कई हरिभक्तोने किया था ।

पूरे उत्सव में आयोजन में जेतलपुर धाम के व्यवहार कुशल महंत के.पी. स्वामी, परिप्रकाश स्वामी (मकनसर), भानु स्वामी (रतनपर) और विष्णु स्वामी (कालुपुर) इत्यादि ने अच्छी सेवा प्रादन किये थे ।

(कोठारीश्री - अंजली मंदिर)

मोयद (ता. प्रांतिज) नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

श्रीहरि के अलौकिक चरणो से अंकित प्रसादीभूत प्रांतीज देश के मोयद गाँव में श्री नरनारायणदेव देश के अन्तर्गत नूतन श्री स्वामिनारायण मंदिर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभादेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा प्रांतिज मंदिर के महंत स.गु. स्वा. प्राणजीवनदासजी और उनके शिष्य शा. स्वामी गोपालजीवनदासजी अथक सेवा यज्ञ से तथा मोयद गाँव के मुमुक्षुओ के साथ सहकार से निर्मित हुआ . ता. ६-२-१८ से १०-२-१८ तक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उत्सर्के अन्तर्गत अनेक उत्सव जैसे कि समस्त धर्मकुल दर्शन- २५० संतो की उपस्थिती और हजारो धार्मिक राजनीतिक महानुभावो की उपस्थिति श्रीमद् भागत पंचान्ह कथा, यज्ञ, प्रदर्शन, चारवेद संहिता का पाठ ठाकुरजी की नगरयात्रा, पोथीयात्रा, अन्नकूट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सर्व रोग निदान केन्द्र रक्तदान कैम्प इत्यादि का सुंदर प्रबन्धकिया गाय था । पूरे उत्सव में महंत स.गु. स्वामी प्राणजीवनदासजी, स.गु. पू. महंत शा.स्वा. पी.पी. स्वामी (गांधीनगर-नारणघाट) का सुंदर मार्गदर्शन तथा मोयद, सापड, सलाल और पीलुदरा गाँव के देश-विदेश के हरिभक्तो के अच्छे सहयोग से वृहद व्यवस्था की गयी थी ।

श्रीमद् भागवत के वक्ता पद पर स.गु. शा. स्वामी रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) आये थे । इन्होने संगीतयुक्त माहौल में रात्रि में कथा सुनाये समस्त उत्सव में सभा का संचालन शा.स्वा. गोपालजीवनदासजी, महंत शा. स्वा. दिव्यप्रकाशदासजी (नारणघाट) और स.गु. को. शा.स्वा. नारायणमुनिदासजी (कालुपुर) ने सुशोभित किया था । इस अवसर पर दोनो देश के संतो एवम् सांख्ययोगी बाईयोने विशाल संख्या में आकर उत्सव की शोभा बढाये थे ।

ता. १०-२-१८ के दिन प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री आये थे उनके शुभ हाथो द्वारा ठाकुरजी की मूर्ति प्रतिष्ठा, अन्नकूट आरती, यज्ञ कथा की पूर्णाहुति करके सभा को आशीर्वाद प्रदान किये।

इस अवसर पर राजनीतिक महानुभावो में श्री परेश धानानी (विपक्ष के नेता) श्री गजेन्द्रसिंह परमार विधान सभा सदस्य श्री महेन्द्रसिंह बैराया आदि आये थे । युवक मंडल - महिला मंडल की सेवा प्रेरणादायक थी।

(नवलसिंह भगत - प्रांतिज)

श्री स्वामिनारायण मंदिर वसई (टिंबा) मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपासे तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभआदेश एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा स.गु.पू. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी तथा स.गु. पू. शा. पी.पी. स्वामी के मार्गदर्शन एवम् प्रेरणा से सभी गांव के हरिभक्तो के सहयोग से वसई टिंबा में नये मंदिर का सुंदर निर्माण किया गया । (इसके पूर्व श्री हरि समकालीन स.गु. आनंदानंद स्वामीने १७० वर्ष पहले, मंदिर का सुंदर निर्माण किये थे ।) नये श्री स्वामिनारायण मंदिर में नये सिंहासन पर सर्वोपरी श्रीजी महाराज, श्री गणपतिजी, हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा ता. १९-२-१८ के दिन अच्छे से पूर्ण हुई । जिसके उपलभ्य में तीन दिन का दशम स्कंद पुराण, महाविष्णुयज्ञ, ठाकुरजी की नगरयात्रा, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, अन्नकूट, ध्वजा रोहण आदि कार्य उल्लास के साथ पूर्ण हुआ था।

कथा वाचक पद पर स.गु.शा. स्वा. भक्तिनंदानदासजी बैठकर हजारो भक्तो को कथा का रसपान कराया था । समस्त उत्सव का प्रबन्धजेतलपुर के व्यवहारकुशल महंतश्री के.पी. स्वामी और शा. हरिप्रकाश स्वामी (मकनसर)ने किया था।

तारीख १९-२-१८ को अपने प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री का आगमन होने के कारण संत हरिभक्तो द्वारा भव्य स्वागत किया गया था । सर्व प्रथम मंदिर में ठाकुरजीकी प्राण प्रतिष्ठा की आरती अपने शुभ कर कमलो द्वारा किये यज्ञ की पूर्णाहुति भी किये। सभा में व्यास पीठ की आरती भी किये। यजमान परिवार ने धर्मकुल और संतो की पूजा भी किये उत्सव में सहभागी कार्यकर्ताओ भक्तो का प.पू. महाराजश्रीने सम्मान प्रदान किया। सभा में आशीर्वाद भी प्रदान किये। तीर्थस्थानो से संत भी आये थे। युवक मंडल और महिला मंडल ने ध्यान से सेवा किये ते। तीन दिवसीय अखंड महामंत्र धून में काफी भक्तो ने भाग लिया था। अंत में सभी भक्त प्रसाद ग्रहण करके धन्य हुए।

(के.पी. स्वामी महंतश्री - जेतलपुर)

मूली प्रदेश के सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर कीडी (ता. हलवद) मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

मूलीधाम निवासी श्री राधाकृष्णदेव हरिकृष्ण महाराज की कृपा से तथा प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभादेश से तथा समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से कई साल पहले श्रीहरि समकालीन नंद संतोने कीडी गाँव में मंदिर बनाये थे। जो जीर्ण हो जाने के कारण अ.नि.स.गु. स्वामी प्रभुजीवनदासजी और उनेक साधु स्वामी भगवतचरणदासजी के अथक परिश्रम एवम् प्रेरणा से कीडी गाँव के भव्य मंदिर का जीर्णोध्धार किया गया।

ता. १९-२-१८ से २१-२-१८ को मूर्ति प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में श्रीमद् सत्संगीजीवन मुख्य अंश की कथा शा. स्वा. व्रजवल्लभदासजी और पूजारी त्यागवल्लभदासजी के वक्ता पद से हुई.

ता. २१-२-१८ के दिन श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीके शुभ हाथो से मंदिर में सर्वावतारी श्रीहरि की प्राण प्रतिष्ठा वेदोक्त पद्धति से पूर्ण हुई। उपरोक्त उत्सव में श्रीहरियज्ञ, अन्नकूट, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि पूर्ण हुआ। सम्पूर्ण उत्व के मार्गदर्शक कोठारी स्वामी कृष्णवल्लभदासजी थे। सभा का संचालन मोरबी मंदिर के महंत स्वामी भक्तिनंदनदासजी ने किया था। तीर्थ स्थानो में से संत और सांख्ययोगी बहने भी आयी थी।

उत्सव की सेवा में श्रीजी स्वामी (हलवद) घनश्याम स्वामी और चेतन स्वामी आये थे। (शैलेन्द्रसिंह झाला)

विदेश सत्संग समाचार

श्री स्वामिनारायण मंदिर ह्युस्टन में मकरसंक्रांति, शाकोत्सव-शिक्षापत्री जंयती

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ आज्ञा से एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा ह्युस्टन मंदिर के महंत स्वामी दिव्यप्रकाशदासजी की प्रेरणा से अपने हिन्दू श्री स्वामिनारायण मंदिर ह्युस्टन में शनिवार (सप्ताह समाप्ति) मंदिर के सभा गृह में सभी भक्त मिलकर भजन-कीर्तन किये

थे । महंत स्वामीने शाकोत्सव का सुंदर महिमा बताये ठाकुरजी के सामने भव्य शाकोत्सव हुआ । इस अवसर पर डॉ. राजेश और सोनल दलाल, प्रवीण शाह परिवार, प्रेसि. श्री गोविंदभाई पटेल और हसमुखभाई पटेल की सेवा प्राप्त हुई । संतो द्वारा ठाकुरजी का अभिषेक और लोककल्याणकारी मंत्र पढे गये । यजमानो का सत्कार किया गया । सभी लोग शाकोत्सव का प्रसाद लेकर धन्य हुए ।

वसंत पंचमी शिक्षापत्री जयंती

शनिवार विकेन्ड में सायं ५ से ८ बजे के मध्य शिक्षापत्री जयंती जोर से मनाई गई । सभा में संत-हरिभक्तोने शिक्षापत्री का पूजन और अर्चना किये । महंत स्वामीने २१२ श्लोको का उच्चारण संस्कृत में किये तत्पश्चात गुजराती में अनुवाद करके कहे । यजमान परिवार का सत्कार करके भजन-नित्य नियम के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया ।

ता. १४,१५-१-१८ शनिवार मकरसंक्राति के दिन अपने मंदिर में मंहत स्वामी और महेन्द्र भगत की हाजिरी में मकर संक्रांति, उत्तरायण को मनाया । सभी संतो-हरिभक्तोने भजन कीर्तन गाये । महंत स्वामी और महेन्द्र भगतने होली पर्व की महिमा बताये । आये मेहमानो और यजमानो को सम्मानित किया गया था । संध्या आरती के पूर्व भगवान का अभिषेक किाय गया था । (प्रवीण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनिया

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ आज्ञा से एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से अपने श्री स्वामिनारायण मंदिर कोलोनीया में १० फरवरी शनिवार शामं ६ से ८ के बीच अपने प.पू. बड़े महाराजश्री, प.पू.अ.सौ. गादीवालेश्री, प.पू. बिन्दुराजा और उनेक चि. सुव्रतकुमार और सौम्यकुमार दर्शन के लिये आये थे । दर्शन करके सभा में प.पू.बड़ेम हाराजश्री विराजमान हुए । सर्व प्रथम यहाँ के मंदिर के महंत स्वामीजीने श्री सौम्यकुमार और श्री सुव्रतकुमार उनके जन्म दिन के अवसर पर हार पहनाकर शुभेच्छा प्रदान किये । प.पू. बड़े महाराजश्रीने सभी हरिभक्तो को आशीर्वाद दिये । तथा दोनो भानजो के लिए सुंदर स्वास्थ्य और दीर्धायु के लिए नरनारायणदेव से प्रार्थना किये थे । यजमानो का सत्कार किया गाय । हमारे कई आई.एस.एस.ओ. चेप्टर के संत आये थे । बहनो के वर्ग में सभी बहनोने प.पू. बड़े गादीवालाश्रीका और पू. बिन्दुराजा का स्वागत और पूजन किये । सभी हरिभक्तोने प.पू. बड़े महाराजश्री की पूजा, दर्शन और आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किये ।

यहाँ कोलोनिया मंदिर में शायं १७ फरवीर को महंत स्वामी धर्मस्वरुपदासजी के नेतृत्व में हरिभक्तोने भव्य शाकोत्सव मनाया था । सभा में भजन पश्चात स्वामीने शाकोत्सव की महिमा बताया था । यजमानो ने सन्मान पश्चात सभी भक्तो को शाकोत्सव का प्रसाद खिलाया गया । सभी भक्त दर्शन करके, शाकोत्सव प्राप्त करके धन्यता का अनुभव किये । (प्रविण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर पारसीपनी

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ आज्ञा से एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से तथा यहाँ के मंदिर के महंत शा. स्वा. अभिषेकप्रसादासजी सुंदर मार्गदर्शन अनुसार पारसीपने में मकर संक्रांति, शिक्षापत्री जयंती और महाशिवरात्री का त्योहार धाम-धूम से मनाया गया था । सर्व प्रथम महामंत्र धून, कीर्तन तत्पशाचत महंत स्वामीने अपने त्योहारी की परम्परा का महत्व समझाये थे । अंत में जनमंगल पाठ, श्री हनुमानजी की आरती के बाद सभी लोगो ने महाप्रसाद ग्रहण किया था । (प्रवीण शाह)

श्री स्वामिनारायण मंदिर एलनटाउन (वडतालधाम)

परमकृपालु श्री नरनारायणदेव की कृपा से तथा श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के शुभ आज्ञा से एवम् समस्त धर्मकुल के आशीर्वाद से यहाँ के मंदिर के महंत स्वामी और पार्षद नरेन्द्र भगत की प्रेरणा से अपने एलनटाउन श्री स्वामिनारायण मंदिर में खरमास के पूरे महीने सुबह महामंत्र गाया गया था । १४ जनवरी को विशाल शाकोत्सव, संत-हरिभक्तो के साथ मिलकर मनाया गया । महंत स्वामी ने शाकोत्सव वा महत्व समझाये थे । अंत में ठाकुरजी की आरती तत्पश्चात यजमानो का सन्मान किया गया था । सभी लोग शाकोत्सव का महाप्रसाद लेकर धन्य हुए ।

(अरविंदभाई पटेल - गामडीवाला)

संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक : महंत शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी द्वारा, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद के लिए श्रीस्वामिनारायण प्रिन्टींग प्रेस, श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ से मुद्रित एवं श्री स्वामिनारायण मंदिर, कालुपुर, अहमदाबाद (गुजरात) पीन कोड-३८० ००१ द्वारा प्रकाशित ।

फाल्गुन वद-१ श्री नरनारायणदेव जयंती फुलोत्सव अवसर पर ठाकुरजी को केसरिया दृश्य की आरती करते हुए । प.पू. आचार्य महाराजश्री श्री नरनारायणदेव को सुवर्ण, रत्न जडित मुकुट अर्पण करते हुए । प.भ. श्री चंद्रेशभाई पारेख परिवार (मुंबई) और सभा में सुवर्ण मुकुट के यजमान परिवार और फुलोत्सव यजमान प.भ. अनंतरायभाई धोलकिया परिवार (मुंबई) का सम्मान करते हुए । प.पू. आचार्य महाराजश्री (२) बापुनगर एप्रोच मंदिर के २५ वे पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी का अभिषेक करते एवम् आरती करते हुए पू. महाराजश्री ।

Registered under RNI - No - GUJHIN/2007/20220 " Permitted to post at Ahd PSO on 11 the every month under postal Regd. No. GUJ. 581/2018-2020 issued SSP Ahd Valid up to 31-12-2020

जहाँ पर सबसे पहले श्रीजीमहाराज संतो हरिभक्तो के साथ रंग खेले ते वे श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर के प्रसादी चौक में श्री नरनारायणदेव जयंती फाल्गुन वद-१ के दिन प.पू. आचार्य महाराजश्री तथा प.पू. लालजी महाराजश्री के सानिध्यमें धाम-धूम से फुलोत्सव मनाते हुए हजारो हरिभक्त गण।

Praful Kharsani